भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं. रा.भा. 10(1)/2016-हिन्दी

दिनांक 31 अगस्त, 2016

## परिपत्र

**विषय: परिषद मुख्यालय में 14 सितम्बर 2016 से 13 अक्तूबर, 2016 तक "हिन्दी चेतना मास" का आयोजन ।**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय में "**हिन्दी चेतना मास**" के अंतर्गत 14 सितम्बर, 2016 से 13 अक्तूबर, 2016 तक निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) सहित परिषद मुख्यालय (कृषि अनुसंधान भवन-। तथा ।। सहित) के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले सकते हैं। इसमें कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अधिकारी/कर्मचारी भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | आयोजन की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | प्रश्न मंच (सभी वर्गों के कार्मिक के लिए) * | 15.09.2016 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 2. | हिन्दी चेतना मास के दौरान प्रभाग स्तर पर शील्ड प्रतियोगिता * | 14.09.2016 से 13.10.2016 तक आयोजित किए जा रहे हिन्दी "चेतना मास" के दौरान विभिन्न प्रभागों द्वारा हिन्दी में किए गए अधिकतम कार्य के आधार पर |
| 3. | वाद विवाद प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए) * **विषय:-** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (Freedom of expression) पर अंकुश होना चाहिए | 16.09.2016 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 4. | हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए) * | 20.09.2016 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 5. | स्वरचित हिन्दी काव्य पाठ (सभी वर्गों के लिए) * | 22.09.2016 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 6. | हिन्दी में टिप्पण/प्रारूप लेखन (सभी वर्गों के लिए) * | 26.09.2016 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 7. | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए) * | 27.09.2016 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 8. | कम्प्यूटर पर यूनिकोड में टाइपिंग प्रतियोगिता (सभी वर्गों के लिए) * | 04.10.2016 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| 9. | सभी वर्गों के कार्मिकों के लिए शब्द-परिचय (कृषि एवं प्रशासनिक शब्दावली) * | 07.10.2016 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |

*हिन्दीत्तर भाषियों को 20 प्रतिशत अतिरिक्त अंक का वेटेज दिया जाएगा।

...2...

प्रतियोगिता संख्या एक (1) टीम के आधार पर आयोजित की जाएगी (प्रत्येक टीम में 3 सदस्य होंगे) जिसके लिए निम्नवत पुरस्कार दिए जाने का प्रस्ताव है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (एक) | - | 3300/- | रू0 (1100 रू0 प्रति व्यक्ति) |
| द्वितीय पुरस्कार (एक) | - | 2400/- | रू0 (800 रू0 प्रति व्यक्ति) |
| तृतीय पुरस्कार (एक) | - | 1800/- | रू0 (600 रू0 प्रति व्यक्ति) |

इसके अलावा क्रम संख्या 2 पर उल्लेखित प्रतियोगिता पिछले वर्ष से शुरू की गई है जो प्रभाग स्तर पर आयोजित की जाती है। जिसमें प्रत्येक प्रभाग द्वारा हिन्दी में पूरे माह के दौरान किए गए कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर विजेता प्रभाग को शील्ड/ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

उपरोक्त में से क्रम 3,4,5,6,7 और 8 पर उल्लिखित प्रतियोगिताओं में विजेताओं को निम्नानुसार पुरस्कार देने का प्रस्ताव है जो कि निम्नवत होंगे:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (एक) | - | 1100/- रू0 | = | 1100 रू0 |
| द्वितीय पुरस्कार (एक) | - | 800/- रू0 | = | 800 रू0 |
| तृतीय पुरस्कार (एक) | - | 600/- रू0 | = | 600 रू0 |
| प्रोत्साहन पुरस्कार (चार) | - | 500/- रू0 X 4 | = | 2000 रू0 |

प्रतियोगिता संख्या (9) इस वर्ष से शुरू की गई है जिसके अंतर्गत सभी अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं। शब्द परिचय के अंतर्गत सही शब्दों का अर्थ बताने वालों को उसी समय पुरस्कार दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत कुल 30 कार्मिकों को पुरस्कार दिए जाएंगें।

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी अपने नाम संलग्न प्रपत्र में भरकर हिन्दी अनुभाग को तत्काल और हर हाल में 13.9.2016 तक भेज दें। प्रश्न मंच प्रतियोगिता के लिए पहले 15 टीमों का चयन पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जाएगा। सभी प्रतियोगिताएं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि भवन के महात्मा ज्योतिबा फुले समिति कक्ष (भूतल) में आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में हिन्दी अनुभाग/सम्पादकीय एकक में कार्यरत राजभाषा सेवा के अधिकारी एवं कर्मचारी अर्थात् सहायक निदेशक (रा.भा.)/तकनीकी अधिकारी (हिन्दी)/ वरिष्ठ अनुवादक तथा हिन्दी अनुवादक भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

सुजाता जेठी 31.8.16

(सुजाता जेठी)
निदेशक (रा.भा.)

वितरण:

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ मुख्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी, जिसमें कृषि अनुसंधान भवन-। और -।। (कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को छोड़कर) तथा एनएएसी परिसर, पूसा में कार्यरत सभी कार्मिक भी शामिल हैं।
2. कृ.अनु.शि.वि. के सभी अधिकारी/कर्मचारी।
3. सहायक निदेशक (रा.भा.) डेयर को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. श्री वी.एस. कौशिक, मुख्य तकनीकी अधिकारी (डीकेएमए), पूसा, नई दिल्ली को भाकृअप की वैबसाईट में अपलोड करने हेतु।

# प्रपत्र

"हिन्दी चेतना मास" के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के लिए नाम भेजना ।

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम :................................................................
:................................................................

2. प्रभाग/अनुभाग का नाम :................................................................

3. टेलीफोन नम्बर :................................................................

4. प्रतियोगिता का नाम (जिस प्रतियोगिता में भाग लेना है, कृपया उसी का उल्लेख करें )
   1. :................................................................
   2. :................................................................
   3. :................................................................
   4. :................................................................
   5. :................................................................
   6. :................................................................

.....................................................
( प्रतिभागी के हस्ताक्षर )